लग्जरी कार... 36 कार्टन.... विदेशी नकली शराब, इस तरह धरा गया जामवाला जहर

Illegal Liquor Seized News: नालंदा: बिहार के नवादा से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कारीगांव टोल प्लाजा के पास से रात्रि में एक लग्जरी कार से भारी मात्रा में लाखों की नकली विदेशी शराब को बरामद किया है. बताया जा रहा है कि जैसे ही उत्पाद विभाग की टीम ने गाड़ी को रोकने के लिए कहां तो चालक गाड़ी लेकर भागने लगा, तभी उत्पाद विभाग की टीम ने गाड़ी का पीछा किया तो शराब माफियाओं ने गाड़ी को खेत में नीचे उतार कर कुहासा का लाभ उठाकर सभी फरार हो गया. जब उत्पाद विभाग की टीम ने लग्जरी गाड़ी के अंदर जांच किया तो भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब बरामद किया गया.

Source: https://zeenews.india.com/hindi/india/bihar-jharkhand/nawada/illegal-liquor-seized-in-nawada-36-cartons-of-foreign-liquor-recovered-from-a-luxury-car-smugglers-absconding/2613358